तापमान

अधिकतम 37.0 डिग्री

न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि वनांचल भूमि

रायपुर, गुरुवार 25 अप्रैल 2024

बस्तर | दंतेवाड़ा | बीजापुर | सुकमा | कांकेर | कोण्डागांव | नारायणपुर

10 मतदान केन्द्रों में छाया और पेयजल की रहेगी ....

11 हनुमान जन्मोत्सव पर 1008 महामंत्र के साथ हुआ ...

खबर संक्षेप

पति-पत्नी का घरेलू विवाद थाने पहुंचा

कांकेर। कांकेर थानांतर्गत कंकालीनपारा निवासी 31 वर्षीय रेशमा पटेल ने पुलिस को बताया कि मैं रोजी मजदूरी का काम करके जीवन यापन करती हूँ और 23 अप्रैल की सुबह 11 बजे अपने घर मे थी। उस समय मेरा पति मेहतरू राम पटेल भी घर में था, जो घरेलू बातो को लेकर गाली गलौज कर था। दिनभर से वाद विवाद करता रहा। छोटे-छोटे बच्चो के सामने गाली गलौज करने से मना किया, तो गुस्से में आकर शाम 6 बजे जान से मारने की धमकी दिया और हाथ थप्पड़ से मारपीट किया। मारपीट से मेरे पीठ, कमर में दर्द हो रहा है। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 294, 323, 506 आईपीसी के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है।

सड़क किनारे शराबखोरी दो पर पुलिस कार्रवाई

कांकेर। नरहपुर थाना अंर्तगत पुलिस को मुखबिर से जानकारी मिली कि आंखीहर्रा पहाड़ी के पास दो व्यक्ति सार्वजनिक स्थान पर शराब पी रहे है। जानकारी की तस्दीक करने के उपरांत पुलिस ने 23 अप्रैल को शाम साढ़े 6 बजें घेराबंदी कर कोचवाही निवासी 38 वर्षीय अन्तू राम यादव पिता स्व. महारू राम और दक्षिण वार्ड धमतरी निवासी 49 वर्षीय लोकेश निषाद पिता स्व. मंगलू राम निषाद को पकड़ा। दोनो आरोपी के कब्जे से एक मैकडोनाल्ड पौवा एवं चार्ली वोदका विस्की को जप्त कर धारा 36(च) आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

10 साल से हैंडपंप खराब गौटूल में भारी जलसकंट

दुर्गुकोंदल। दुर्गुकोंदल अंतर्गत ग्राम पंचायत सिवनी के आश्रित ग्राम गोटूल मुंडा कल्लो पारा में बिना चबूतरा के पिछले 10 सालों से हैंड पंप बंद पड़ा है। गांव के ग्रामीणों धनीराम पदमाकर वार्ड पंच, मुकेश पुड़ो ग्राम पटेल, बल्दूराम दर्रो का कहना है कि पूर्व जिला पंचायत सदस्य ललेश्वरी मोहन टांडिया के द्वारा खुदवाई गया था और जब से यह नल खोदा गया तब से यह उसी हाल में छोड़ दिया एवं इसकी कोई सुध भी नहीं लिया जा रहा है, जो इस वक्त तेज गर्मी में पानी की किल्लत होने से बहुत बड़ी समस्या बनी हुई है। इसके अतिरिक्त और एक हैंड पंप है वह भी पिछले 2 सप्ताह से खराब हो चुका, जिसके वजह से लोगो को 25 फीट गहरे कुएं की पानी का सहारा लेना पड़ रहा है। ग्रामीणों की शिकायत है कि यदि यह हैंड पंप शिकायत के बाद भी नही बना तो आगामी 2025 त्रि स्तरीय पंचायत चुनाव में कोई भी हमारे क्षेत्र से पद नामांकित होकर वोट के लिए नहीं आएगे।

हनुमान जन्मोत्सव पर बजरंगियों ने वानरों को कराया फलाहार

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

विश्व हिंदू परिषद् की मातृशक्तियों ने करवाया सुंदरकांड पाठ और महाभंडारा

हनुमान जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में शहर से लेकर ग्रामीण अंचल तक विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम सुंदरकांड, चालीसा पाठ, महाआरती, भंडारा आयोजन किया गया। विश्व हिंदू परिषद जिला उपाध्यक्ष उमा गुप्ता ने बताया कि मातृशक्ति द्वारा धरमपुरा शिवालय में सुंदरकांड, चालीसा पाठ के साथ भंडारे का आयोजन करवाया गया। बजरंगदल नगर संयोजक भवानी सिंह चौहान ने बताया हनुमान जन्मोत्सव और बजरंगदल बलोपासना दिवस पर में बजरंगियों ने दरभा घाट में वानरों को 21 किलो चना और 51 दर्जन केले का फलाहार भोज करवाया। साथ ही यह अपील भी की इस मार्ग से गुजरने वाले और यहां आने वाले सैलानी धीमी रफ्तार से चले जिससे नेशनल पार्क में स्थित जीव जंतुओं को किसी प्रकार हानि ना हो और किसी प्रकार के हानिकारक अभोज्य पदार्थ व पैकेजिंग फूड जीव जंतुओं को ना देवें। जल, जंगल और जीवों की सुरक्षा हम सब की प्राथमिक जिम्मेदारी के साथ हमारा मूल कर्तव्य भी है।

- बलोपासना दिवस धूमधाम के साथ मनाया गया

ये रहे उपस्थित

इस कार्य में विहिप प्रांत सदस्य प्रचार प्रसार विभाग रोहन कुमार, विभाग सेवा प्रमुख अनिल अग्रवाल, जिला नगर उपाध्यक्ष अजय यादव, बजरंगदल जिला सह संयोजक मुन्ना बजरंगी, नगर संयोजक भवानी चौहान, शत्रुघन कश्यप, देव यादव, अमन झा, सुदेश बजरंगी, रोहित झा, पवन राजा, तमिश राव, अमन धीवर, धर्मेंद्र सेठिया, सम्पत रावत, अनीता गुरुला, रामप्यारी, सुरेखा बबली गणेश, नीता गुप्ता, साक्षी, राधा, पायल, उषा, रेखा, शांति यादव, रेड्डी निक्की समेत अन्य उपस्थित थे।

सफलता : दंतेवाड़ा पुलिस के लोन वर्राटू अभियान का दिख रहा असर

लाल आंतक से मोह हुआ भंग, 18 माओवादी आत्मसमर्पण कर मुख्यधारा में हुए शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

दंतेवाड़ा पुलिस द्वारा चलाए जा रहे घर वापस आईए की अपील याने लोन वर्राटू अभियान व शासन की पुनर्वास नीति का असर देखने को मिल रहा है। बुधवार को हिंसा का रास्ता छोड़कर भैरमगढ़ एवं मलांगेर एरिया कमेटी में वर्षों से सक्रिय 18 माओवादी समर्पण कर मुख्यधारा में हुए शामिल हो गए।

- समर्पित नक्सली भैरमगढ़ व मलांगेर एरिया कमेटी में थे सक्रिय

गौरतलब है कि दंतेवाड़ा पुलिस द्वारा नक्सल उन्मूलन अभियान तथा छग शासन की पुनर्वास नीति के तहत जिला पुलिस बल और सीआरपीएफ के द्वारा भटके हुए माओवादियों को समाज की मुख्यधारा में जोड़ने के लिए लगातार संपर्क एवं संवाद किया जा रहा है। इसके अलावा प्रशासन की नक्सल पुनर्वास नीति का व्यापक प्रचार-प्रसार गांव गांव तक किया जा रहा है जिसके परिणाम स्वरूप यह बदलाव माओवादी कैडर में दिखाई दे रहा है। बड़ी संख्या में माओवादी कैडर का आत्मसमर्पण देखने को मिल रहा है। नक्सलियों के अमानवीय, आधारहीन विचारधारा एवं उनके शोषण, अत्याचार तथा स्थानीय आदिवासियों पर होने वाले हिंसा से तंग आकर नक्सलवाद की ओर भटके युवा अब समाज के मुख्यधारा में जुड़ने का संकल्प करके लगातार पुलिस से सम्पर्क कर रहें हैं। इसी के तहत डीआरजी कार्यालय में 18 सक्रिय माओवादियों ने आत्मसमर्पण कर दिया। इनके समर्पण में डीआरजी दन्तेवाड़ा, आरएफटी रेंज दन्तेवाड़ा व सीआरपीएफ 111वीं बटालियन का विशेष योगदान रहा।

1-1 लाख के इनामी सेक्शन कमाण्डर व डिप्टी कमाण्डर ने भी किया समर्पण

समर्पण कर मुख्यधारा में शामिल होने वाले नक्सलियों में 1 लाख का ईनामी मिलिशिया प्लाटून सेक्शन कमाण्डर हिड़मा ओयाम 34 वर्ष निवासी तिमेनार स्कूलपारा थाना मिरतुर के अलावा बीजापुर हुरेपाल पंचायत मिलिशिया प्लाटून सेक्शन डिप्टी कमाण्डर कुमारी सामबती ओयाम 23 वर्ष निवासी तिमेनार स्कूलपारा थाना मिरतुर, ककाड़ी पंचायत केएएमएस उपाध्यक्ष श्रीमती गंगी मड़काम 28 वर्ष निवासी ककाड़ी करकापारा थाना अरनपुर जिला दन्तेवाड़ा, केसू मड़काम, कमलू ओयाम, सुरेश ओयाम, आयतु कलमू, सन्नू ओयाम, मनीराम पोड़ियाम, सुखराम ताती, पाण्डू मुचाकी, बामन मुचाकी, बुधराम कुंजाम, राजू ओयाम, कुमारी हुंगी, लक्ष्मण कुंजाम, सोमलू उर्फ सोमडू ताती व राजु लेकाम शामिल है।

अब तक दंतेवाड़ा जिले में 738 माओवादियों ने किया समर्पण

दंतेवाड़ा पुलिस द्वारा चलाए जा रहे लोन वर्राटू अभियान से प्रभावित होकर अब तक 738 माओवादी समर्पण कर चुके है। इनमें 177 ईनामी माओवादी भी शामिल है। दंतेवाड़ा पुलिस के मुताबिक समर्पित सभी नक्सलियों को 25-25 हजार रुपए प्रोत्साहन राशि के अलावा शासन की पुनर्वास योजना के तहत मिलने वाले सभी प्रकार के लाभ दिया जाएगा। डीआईजी दंतेवाड़ा रेंज कमलोचन कश्यप ने बताया कि नक्सलियों के अमानवीय, आधारहीन विचारधारा एवं उनके शोषण, अत्याचार तथा स्थानीय आदिवासियों पर होने वाले हिंसा से तंग आकर नक्सलवाद की ओर भटके युवा अब समाज के मुख्यधारा में जुड़ने का संकल्प करके लगातार पुलिस से सम्पर्क कर रहे है।

वाहन मरम्मत के 11 लाख सहित 10 हजार का जुर्माना देगी बीमा कंपनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

जिला उपभोक्ता आयोग ने बुधवार को आईसीआईसीआई लोंबार्ड बीमा कंपनी को आवेदक के वाहन के क्षतिग्रस्त होने पर 11 लाख की क्षतिपूर्ति और 10 हजार का जुर्माना अदा किए जाने का आदेश पारित किया गया है।

- चालक बदले जाने के तथ्य को कंपनी नहीं कर पाई स्थापित

नारायणपुर निवासी नरेंद्र मंडावी ने अपनी वाहन स्कॉर्पियो का बीमा आ ई सी आ ई सी आ ई लोंबार्ड बीमा कंपनी के माध्यम से करवाया था। उसका वाहन सडक़ दुर्घटना में क्षतिग्रस्त हो गई थी। वाहन बीमित होने एवं दुर्घटना बीमा अवधि के दौरान होने के कारण आवेदक के द्वारा बीमा कंपनी के समक्ष क्षति दावा आवेदन प्रस्तुत किया गया था। जिसे बीमा कंपनी द्वारा यह कहकर निरस्त कर दिया गया था कि दुर्घटना के समय उक्त वाहन का चालक बदला गया था। जिसे क्षुब्ध होकर आवेदक के द्वारा जिला उपभोक्ता आयोग के समक्ष शिकायत पेश की गई थी। जिस पर सुनवाई करते हुए जिला उपभोक्ता आयोग ने माना कि बीमा कंपनी यह प्रमाणित करने में असफल रही है कि दुर्घटना के समय वाहन के चालक को बदला गया था या प्लांट किया गया था। आवेदक द्वारा बीमा कंपनी को दुर्घटना की सूचना दिए जाने के पश्चात भी बीमा कंपनी द्वारा दुर्घटनाग्रस्त वाहन का स्पॉट एवं फाइनल सर्वे न करवा कर सेवा में कमी एवं व्यावसायिक कदाचरण किया गया है। इसके लिए बीमा कंपनी को 10 हजार के अर्थ दंड से दंडित किया गया है। जिला उपभोक्ता आयोग की अध्यक्ष सुजाता जसवाल, सदस्य आलोक कुमार दुबे और सीमा गोलछा की संयुक्त खंडपीठ द्वारा यह आदेश जारी किया गया है।

घर छोड़कर जंगल में बैठ जाना वैराग्य नहीं : श्रीश्वरी देवी

संसार में रहते हुए मन से आसक्ति का त्याग ही है वास्तविक वैराग्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

आध्यात्मिक दार्शनिक प्रवचन में जगद्गुरु कृपालु महाराज की प्रमुख प्रचारिका सुश्री श्रीश्वरी देवी ने कहा कि केवल घर छोड़कर जंगल में बैठ जाना ही वैराग्य नहीं कहलाता, अपितु संसार में रहते हुए भी मन में संसार की आसक्ति का त्याग ही वास्तविक वैराग्य है। उन्होंने कहा कि मन ही हमारे प्रत्येक कार्य का कर्ता है। हमें बाहर से नहीं भीतर से विरक्त होना है। संसार में ना कहीं राग हो ना कहीं द्वेष हो और राग और द्वेष से रहित होने का अहंकार भी ना होना यही वैराग्य की परिभाषा है। संसार में राग और द्वेष दोनों ही खतरनाक है। जैसे पिघली हुई लाख में जब कोई रंग छोड़ा जाता है तो वह रंग लाख के परमाणु में समा जाता है और लाख उसी रंग का दिखने लगता है। ठीक ऐसे ही जब हम किसी से राग या द्वेष करते हैं तो हमारा अंतः कारण संबंधित व्यक्ति या वस्तु के लिये पिघलता है और वो व्यक्ति हमारे अंतः कारण में समा जाता है। अतः यदि हम संसार से राग या द्वेष करे तो ये संसार हमारे अंतःकारण में समा जाएगा और अंतःकारण को गंदा कर देगा किंतु भगवान और महापुरुष के प्रति अपने मन का लगाव किया तो अंतःकारण शुद्ध हो जाएगा, दिव्य हो जाएगा एवं सदा-सदा के लिए हम आनंदमय हो जाएंगे। उन्होंने नगर वासियों से आव्हान किया कि इस दिव्य दार्शनिक प्रवचन में अधिक से अधिक संख्या में आकर सत्संग का लाभ उठाएं।

बालाघाट के युवक ने शहर के होटल में किया सुसाइड

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

दो लाइन के सुसाइड नोट में जिंदगी से तंग आकर आत्महत्या की बात लिखी

बोधघाट थाना क्षेत्र स्थित प्रिंस होटल से पुलिस ने एक युवक का शव बरामद किया है जो दो दिन पूर्व होटल में आकर रूका था। उसके कमरे से दो लाइन का सुसाइड नोट भी पुलिस ने बरामद किया है जिसमें उसने जिंदगी से तंग आने और शव को परिजनों को भेज देने की बात लिखी है । उ स की शिनाख्त मध्यप्रदेश के बालाघाट जिले के ग्राम पथरी निवासी राजेश गहगहे 34 वर्ष के रूप में हुई है। बोधघाट थाना प्रभारी लीलाधर राठौर ने बताया नये बस स्टैण्ड के करीब प्रिंस होटल के संचालक को घटना की जानकारी दो दिन बाद बुधवार को मिली। जिसके बाद पुलिस को सुबह युवक के संबंध में सूचना दी गई थी। मौके पर पुलिस के पहुंचने के बाद जब होटल के कर्मचारियों ने कमरे का दरवाजा तोड़ा तो युवक वहां पर फांसी के फंदे से लटका हुआ मिला। पुलिस को मृतक के पास से एक सुसाइड नोट भी मिला जिसमें युवक ने अपनी जिंदगी से तंग होकर आत्महत्या करने का जिक्र करते हुए शव को परिजनों को भेजने की बात लिखी थी। पुलिस के मुताबिक युवक 21 अप्रैल को नया बस स्टैंड स्थित होटल प्रिंस में कमरा बुक कराया था। इसके बाद वह 22 अप्रेल की सुबह कुछ देर के लिए होटल से बाहर निकला था। इसके बाद उसे किसी ने नहीं देखा और न ही वह अपने कमरे से बाहर निकला था। बहरहाल पुलिस ने शव पंचनामा के बाद पीएम के लिए डिमरापाल मेडिकल कॉलेज भिजवा दिया है। वहीं मृतक के परिजनों को घटना की जानकारी दे दी गई है। संभवतः देर रात तक परिजन जगदलपुर पहुंच जाएंगे। गुरुवार को उसके शव का पीएम कर परिजनों के सुपुर्द कर दिया जाएगा। निरीक्षक लीलाधर राठौर ने बताया कि मृतक के परिजनों के बयान के बाद उसके आत्महत्या के कारणों का खुलासा हो सकेगा।

- मौके पर पहुंची पुलिस परिजनों को सूचना देकर मामले की कर रही तफ्तीश

ग्रामीण महिलाओं ने भी बच्चों के साथ निभाई जमकर साझेदारी

तालाब का गिरा जलस्तर, ग्रामीणों ने मछली पकड़ने आजमाया हाथ

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

इन दिनों प्रदेश में भीषण गर्मी का प्रकोप देखा जा रहा है। जैसे-जैसे तापमान में वृद्धि हो रही है जल स्तर गिरते जा रहा है। तालाबों का पानी सूखते जा रहा या फिर धीरे धीरे सूखने के कगार में है। ग्राम पंचायत आड़ावाल के हाइवे रोड किनारे स्थित तालाब लगातार सूखते जा रहा है। बुधवार को इस तालाब के चारों तरफ आधा दर्जन ग्रामीण जाल लेकर मछली पकड़ रहे थे। इस दौरान काफी संख्या में महिलाएं, पुरुष, बच्चे जाल लेकर अपना हाथ आजमा रहे थे। बुजुर्ग ग्रामीण महिलाएं भी छोटे बच्चों के साथ मौजूद रहीं। किनारे में बच्चों के माता-पिता इंतजार करते नजर आए। माता-पिता तालाब के बीचोंबीच उतर कर जाल मार कर किनारे ला रहे थे। उनके आने के बाद बुजुर्ग महिला अपने पोतों के साथ जाल से छोटी बड़ी मछली निकाल कर हांडी या गुंडी के बर्तन में रख रहे थे। बताया गया कि महिलाएं इस छोटी मछलियों को आसपास के बाजारों में बेचती है। छोटी मछलियों के शौकीन शहर से लेकर ग्रामीण इलाकों तक है जो बिना भाव तौल कर हाथों हाथ ले लेते हैं। इसी महीने से तालाब का जल स्तर काम हुआ है और लगभग 2 सप्ताह से छोटी मछली बाजारों और ग्रामीण इलाकों में बेचा जा रहा है।

तालाब में चारों तरफ बिछा रहा जाल

बारिश के समय आतीं हैं मछलियां

बारिश के समय बाढ़ का पानी खेतों में समाने के साथ तालाब का भी जलस्तर बढ़ जाता है। इसके साथ ही बाढ़ में बह कर आए मछलियां तालाब में आ जाती है। गर्मी के समय मछलियों को ग्रामीणों द्वारा निकला जाता है। साथ ही इस पानी का उपयोग तालाब के किनारे लगाएं खेतों में भी किया जाता है। हर साल गर्मी के दिनों में यहां ग्रामीण मछली पकड़ते हैं।

पाठक सूचना

हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

जगदलपुर
मो. 7000061711, 8817958580, 9131893124

नारायणपुर
मो. 9407740955, 9131893124

कोण्डागांव
मो. 7000312486, 9131893124

सुकमा
मो. 9425260296, 9131893124

दंतेवाड़ा
मो. 9425592636, 9131893124

बीजापुर
मो. 9131893124

खबर संक्षेप

महाविद्यालय में मतदाता जागरूकता अभियान

धमतरी। बीसीएस शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। स्वयंसेवकों ने महाविद्यालय के निकट पंचवटी कॉलोनी, मुजगहन एवं जोधापुर वार्ड में लोगों को मतदान के प्रति जागरूक करते हुए बताया कि किसी भी चुनाव में नतीजा कुछ वोटों से ही तय हो जाता है इसलिए आपका वोट महत्वपूर्ण है। मतदान अधिकार होने के साथ-साथ हमारे लोकतंत्र के स्वास्थ्य के लिए भी आवश्यक है। मतदान अपने नागरिक कर्तव्य का पालन करने और समाज का सक्रिय सदस्य बनने का एक सहज तरीका है।

वार्षिक परीक्षा की संशोधित समय-सारिणी जारी

धमतरी। लोकसभा चुनाव को देखते हुए पं.रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर द्वारा वार्षिक परीक्षा की संशोधित समय-सारिणी जारी की गई है। 25, 26, 27 अप्रैल तथा 2, 6, 7, 8, 10, 13 एवं 15 मई को आयोजित होने वाली परीक्षाओं की तिथियों में आंशिक संशोधन किया गया है। परीक्षा केन्द्र क्रमांक 401 बी.सी.एस. शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, धमतरी के परीक्षा केन्द्र में सम्मिलित होने वाले परीक्षार्थी संशोधित समय-सारिणी का अवलोकन महाविद्यालय के सूचना पटल पर कर सकते हैं।

गणेशपुर परिक्षेत्र की महासभा सिलीडीह में 28 को

जीजामगांव। गणेशपुर परिक्षेत्र एवं 13 पाली सिलतरा के संयुक्त तत्वावधान में ग्राम सिलीडीह में 28 अप्रैल को महासभा का आयोजन किया गया है। मुख्य अतिथि अजय चंद्राकर विधायक कुरूद होंगे। अध्यक्षता डॉ ललित निषाद अध्यक्ष 13 पाली सिलतरा करेंगे। विशिष्ट अतिथि चंदूलाल निषाद, चंद्रकुमार निषाद, ईश्वर निषाद, तिहारू राम निषाद, चोवाराम निषाद, नेहरू राम निषाद, आनंद यदु, होमेन्द्र गजेंद्र, पीलूराम निषाद, अंजोर राम निषाद, ईश्वर लाल निषाद, नारायण निषाद, संतोषी निषाद, गुंजा निषाद, कृष्णा निषाद, मनोहर निषाद, अमृता देवांगन, चंदूलाल ध्रुव, शोभाराम यादव, घनश्याम देवांगन, ठाकुर राम ध्रुव, पवन देश लहरे, योगेश्वर सेन, रोहित साहू, पुनाराम यादव होंगे।

गाड़ाडीह में श्रीमद भागवत महापुराण कथा 26 से

मगरलोड। ग्राम गाड़ाडीह ठेकला निवासी हेमलाल निषाद, गोविंद निषाद, भामिनी निषाद द्वारा स्व.

अशवंतीन बाई के वार्षिक श्राद्ध एवं स्व. सुर्जनराम, स्व. फुलकुंवर, स्व. जोहतराम, स्व. फिरंतीनबाई, स्व. डीहूराम निषाद की पुण्यस्मृति में श्रीमद् भागवत महापुराण कथा ज्ञानयज्ञ सत्संग समारोह का आयोजन 26 अप्रैल से 4 मई तक किया गया है। भगवताचार्य पं. त्रिभुवनप्रसाद मिश्रा बारूला फिंगेश्वर वाले होंगे। कथा सुबह 10.30 बजे से 2 बजे तक एवं दोपहर 3 बजे से शाम 6 बजे तक होगी। आयोजन की तैयारी में निषाद परिवार जुटा हुआ है।

मड़ेली के हनुमान मंदिर में हुई प्राण-प्रतिष्ठा

जीजामगांव। हनुमान जन्मोत्सव पर ग्राम मड़ेली में हनुमान मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा की गई। पूजा अर्चना के साथ प्रसादी वितरण का कार्यक्रम हुआ। मौके पर मुख्य रूप से शारदा लोकनाथ साहू जनपद अध्यक्ष कुरूद, लक्ष्मी नारायण साहू सरपंच, ताराचंद साहू, भूपेंद्र सोनी, डेमन साहू, यशवंत साहू, इंद्रकुमार साहू, टिकेश साहू, चेतन साहू ,लाला साहू, सोम साहू, संतोष साहू, प्रमोद साहू, रामगुलाल साहू, पुनीत साहू, गुलेन्द साहू, घनश्याम साहू, लीलाराम साहू, पूरन साहू, यशवंत साहू, दिनेश महंत, दिनेश साहू, मकसूदन साहू, गोपाल यादव, बंशी साहू, चंपू साहू, बसंत साहू, समीर साहू, अखिलेश साहू, नागेंद्र साहू, खेमराज साहू, नोमेश साहू, निखिल साहू, जावेद साहू, गुलशन साहू सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

लोस चुनाव : कलेक्टर ने की वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से की मतदान केन्द्रों के तैयारियों की समीक्षा

मतदान केन्द्रों में छाया और पेयजल की रहेगी पर्याप्त व्यवस्था

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कुणाल दुदावत ने मंगलवार को वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से मतदान केन्द्रों में तैयारियों की समीक्षा की। जिला कार्यालय के एनआईसी के वीडियो कांफ्रेंसिंग कक्ष से समीक्षा करते हुए सभी नगरीय निकायों के मुख्य नगर पालिका अधिकारी और जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को कलेक्टर ने गर्मी को देखते हुए पर्याप्त स्थान पर छांव की व्यवस्था करने के निर्देश दिए, जिससे मतदाताओं को किसी भी प्रकार की समस्या न हो। उन्होंने इसके साथ ही कुर्सियां रखने के निर्देश भी दिए, जिससे मतदाताओं को थोड़ी–थोड़ी देर में विश्राम करने का अवसर मिल सके। उन्होंने मतदान केन्द्रों में पंखे तथा कुलर की व्यवस्था करने के साथ ही ठंडे पानी की उपलब्धता के लिए हंडियों की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए।

- मतदाताओं के विश्राम करने के लिए रहेंगी कुर्सियां

आदर्श मतदान केंद्रों में करें आकर्षक साज- सज्जा

कलेक्टर ने सभी आदर्श मतदान केन्द्रों में आकर्षक साज–सज्जा करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कोई परिवार घर में शादी–ब्याह के कारण मतदान से वंचित न रहे, इसके लिए उन्हें प्राथमिकता के साथ मतदान का अवसर भी प्रदान करें। इस अवसर पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी चित्रकांत चार्ली ठाकुर, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अजय उरांव, एनआईसी के जिला सूचना अधिकारी हेमंत भगत उपस्थित थे।

सुबह के समय करें भीड़ प्रबंधन

कलेक्टर ने इस अवसर पर कहा कि मतदान केन्द्रों में सुबह के समय सबसे अधिक भीड़ आने की संभावना है। इसलिए सभी जिम्मेदार अधिकारी–कर्मचारी सुबह मतदान प्रारंभ होने के पूर्व ही मतदान केन्द्रों में पहुंच जाएं और भीड़ प्रबंधन का कार्य करें। उन्होंने इसके साथ ही दिव्यांग और बुजुर्ग मतदाताओं के मतदान केन्द्र तक आवागमन के लिए दिव्यांग रथ ही व्यवस्था सभी मतदान केन्द्रों में करने के निर्देश भी दिए।

शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने निकाला फ्लैग मार्च

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरसगांव

लोकसभा निर्वाचन के दूसरे चरण में 26 अप्रैल को कांकेर संसदीय क्षेत्र में चुनाव होना है। मतदान के लिए प्रचार-प्रसार की अवधि समाप्त होने के उपरांत पुलिस अधीक्षक वाय अक्षय कुमार के निर्देशन में फरसगांव पुलिस एसडीओपी अनिल कुमार विश्वकर्मा , थाना प्रभारी नरेश साहू के नेतृत्व में 24 अप्रैल बुधवार की दोपहर फरसगांव नगर में फ्लैग मार्च निकाला गया। यह फ्लैग मार्च थाना परिसर से प्रारंभ होकर बस स्टैण्ड, अस्पताल चौक और मुख्यमार्ग से होते हुए वापस थाना परिसर पर पहुंच कर खत्म हुई। इस अवसर पर नगरवासी और आम जनता को लोकसभा निर्वाचन 2024 को स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने के लिए अपील किया गया । इस दौरान फरसगांव थाना पुलिस के जवान के साथ सीएएफ के जवान मौजूद रहे।

द्वितीय चरण के लिए मतदान दलों को मिला प्रशिक्षण

केशकाल विधानसभा के 290 मतदान दल प्रशिक्षण में शामिल

लोकसभा निर्वाचन के द्वितीय चरण में कांकेर संसदीय क्षेत्र के केशकाल विधानसभा के लिए निर्वाचन में मतदान के लिए बनाये गए मतदान दलों के अंतिम दौर के प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन मंगलवार को कलेक्टर कुणाल दुदावत के मार्गदर्शन में किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन जिला मुख्यालय स्थित स्वामी आत्मानन्द अंग्रेजी माध्यम विद्यालय एवं शासकीय कन्या उच्चतर प्राथमिक शाला में दो पालियों में किया गया था। इस प्रशिक्षण में मतदान दलों को मतदान दिवस पर ध्यान में रखी जाने वाली छोटी छोटी सावधानियों की जानकारी देते हुए उन्हें मतदान कार्यों को गंभीरतापूर्वक लेते हुए कार्य करने के निर्देश दिए गए। मतदान दलों को मतदान सामग्री को प्राप्त करने पश्चात सभी सामग्री की जांच करने तथा किसी भी प्रकार की समस्या पाये जाने पर सेक्टर अधिकारी को सूचित कर तुरन्त समाधान प्राप्त करने के निर्देश दिए गए। मतदान के दिन किसी भी आपातकालीन स्थिति से निपटने के लिए अपनाई जाने वाली

मानक कार्यविधि के बारे में जानकारी देते हुए मतदान के पूर्व मशीनों को आरम्भिक अवस्था में होना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। इस प्रशिक्षण में मतदान दलों के सभी मास्टर ट्रेनर्स, अधिकारी–कर्मचारी एवं सभी सेक्टर अधिकारी उपस्थित रहे। ज्ञात हो कि 26 अप्रैल को कांकेर लोकसभा संसदीय क्षेत्र के लिए कोण्डागांव अंतर्गत आने वाले केशकाल विधानसभा क्षेत्र में प्रातः 7 से दोपहर 3 बजे तक 290 मतदान केंद्रों में मतदान कराया जाएगा।

कांकेर संसदीय क्षेत्र के लिए गुरुवार को मतदान के लिए दल होंगे रवाना

कलेक्टर ने मतदान सामग्री वितरण की तैयारियों का किया निरीक्षण

लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत द्वितीय चरण में 26 अप्रैल को कांकेर संसदीय क्षेत्र के लिए मतदान किया जाना है। जिसके लिए जिले में तेजी से तैयारियां की जा रही है। बुधवार को कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कुणाल दुदावत द्वारा मतदान दलों को मतदान सामग्री वितरण के लिए की गयी तैयारियों का स्थानीय शासकीय गुण्डाधुर महाविद्यालय में बनाये गये मतदान सामग्री वितरण केन्द्र में निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने मतदान सामग्री वितरण के लिए की गयी तैयारियों का जायजा लेते हुए सामग्री वितरण के दिन बड़ी संख्या में मतदान दलों के आगमन एवं वाहनों द्वारा मतदान केन्द्रों तक जाने के लिए की गयी व्यवस्थाओं एवं सभी के लिए पार्किंग व्यवस्था, पेयजल, छायादार विश्राम स्थल, कुलर आदि की व्यवस्था का अवलोकन किया। उन्होंने अधिकारियों से सामग्री वितरण स्थल की बेहतर तरीके से सफाई करने के निर्देश

दिए। कलेक्टर ने वितरण के लिए सामग्रियों को व्यवस्थित रखने तथा वितरण हेतु बनाये गये कांउटर्स का अवलोकन करते हुए सभी अधिकारियों को समय पूर्व केन्द्र में उपस्थित रहने के लिए निर्देशित किया।

उल्लेखनीय है कि कांकेर संसदीय क्षेत्र निर्वाचन के लिए 26 अप्रैल को मतदान किया जाना है। जिसके तहत कोण्डागांव जिले में आने वाले केशकाल विधानसभा क्षेत्र में भी 290 मतदान केन्द्रों में प्रातः 7 बजे से दोपहर 3 बजे तक मतदान कराया जाएगा। जिसके लिए मतदान दल को गुरुवार को रवाना किया जाएगा।

जैन समाज की शोभायात्रा का पार्षद ने किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी

भगवान महावीर स्वामी की जयंती पर जैन समाज द्वारा जैन मंदिर रावणभाठा में भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा का स्वागत नगर के महावीर चौक वीर स्तंभ के पास वार्ड क्रमांक 11 की पार्षद पूनम छाबड़ा ने किया। उन्होंने जैन समाज के वरिष्ठ अनिल छाजेड़ को शाल व श्रीफल भेंट किया। समाजजनों ने वार्ड में बने वीर स्तंभ में ध्वजा चढ़ाकर पूजा-अर्चना की। पार्षद छाबड़ा ने कहा कि वर्तमान में यही एक मार्ग है

जिसमें विश्व शांति के लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है।

समाज को व्यापार से जोड़कर आर्थिक रूप से सशक्त बनाने की जरूरत : मारकंडे

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

सतनामी समाज के जिला अध्यक्ष कपिल देशलहरे के नेतृत्व में जिले में पहली बार रावटी यात्रा निकाली गई। धमतरी से 25 वाहनों का काफिला उड़ेना पहुंचा और वीर सरहा जोधाई जयंती में शामिल हुआ। कार्यक्रम के अतिथि आरंग के पूर्व विधायक नवीन मारकंडे, जिला सतनामी समाज के उपाध्यक्ष विजय सोनवानी, सचिव मणिकांत जोशी, प्रमुख सलाहकार डॉ.सुरेन्द्र कुर्रे, रमेश लहरे, राजा बंजारे, प्रधान संचालक इतवारी गावस्कर, मीडिया प्रभारी राजेश रात्रे, प्रीतम टंडन, अज्जू देशलहरे पार्षद दानीटोला थे। सतनाम रावटी का नगर के विभिन्न चौक चौराहों पर समाजजनों ने पुष्पवर्षा कर अभिनन्दन किया। ग्राम छाती में विक्की गायकवाड़, पवन बघेल, पवन कुमार, द्वारिका देशलहरे की अगुवाई में ग्रामीणों ने रावटी का स्वागत किया। पदाधिकारियों ने

उड़ेना में वीर अंगरक्षक सरहा जोधाई के तैलचित्र पर माल्यार्पण कर आरती की।

इस अवसर पर पूर्व विधायक श्री मारकंडे ने कहा कि सतनामी समाज को शिक्षा, संस्कार और व्यापार से जोड़ना समाज के लिए हितकारी होगा। सतनामी समाज शिक्षित होगा तो समाज के अधिकारों का कोई हनन नहीं नहीं कर पाएगा। संस्कारित समाज देश और दुनिया में सम्मान प्राप्त करेगा। समाज को व्यापार से जोड़कर आर्थिक रूप से सशक्त बनाने की दिशा में चिंतन करने की आवश्यकता है। डॉ. सुरेन्द्र कुर्रे ने कहा कि अब सतनाम रावटी कार्यक्रम ब्लॉकों से होकर प्रदेश तक जाएगा। वरिष्ठ सलाहकार रमेश लहरे ने कहा कि साजिश के तहत समाज के कुछ तथाकथित लोगों द्वारा सतनामी समाज के गौरवशाली इतिहास को दरकिनार किया जा रहा है। हमें अपनी गौरवशाली इतिहास से प्रेरणा लेकर गौरवान्वित होने की आवश्यकता है। जिला अध्यक्ष कपिल देशलहरे ने कहा कि सतनामी समाज के सभी सदस्य से एक मत होकर आगे बढ़े।

जन्मोत्सव पर हनुमान प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा

धनोरा। हनुमान जन्मोत्सव पर हनुमान प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा भगवान श्रीराम के बाजू में की गई। कार्यक्रम में श्रद्धालुओं द्वारा आकर्षक हनुमान प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा पूजन की साथ की गई। यहां मौके पर धनोरा व आसपास क्षेत्र से सैकड़ों संख्या में श्रद्धालु पहुंच कर भगवान बजरंगबली के पूजन कार्यक्रम में शामिल हुए। कार्यक्रम में अकील गुप्ता की की ओर प्रतिमा रखा गया। ग्रामीण एवं बजरंगी का पूरा सहयोग रहा धनोरा के आसपास पूरा नगर भगवामय हो गया।

मानस मंडलियों ने संगीतमय सुंदरकांड एवं हनुमान चालीसा का किया पाठ

हनुमान मंदिर में श्रद्धालुओं की रही भीड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरूद

हनुमान जयंती पर सुबह से ही हनुमान जी के मंदिरों में भक्तों का तांता लगा रहा और सारा दिन नारियल, श्री फल, सिंदूर का चोला, लड्डू का प्रसाद भक्तगण चढ़ाते रहे। पुराना बाजार चौक स्थित दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर में श्रद्धालुओं की भीड़ लगी। मंदिर समिति के अरुण केला ने बताया कि हनुमान महोत्सव पर दोपहर 1:30 बजे यज्ञ हवन पूजन किया गया जिसमे पूर्णाहुति के साथ प्रसाद वितरित किया गया।

कुरूद नगर के पुराना बाजार चौक, कुर्मी पारा, विद्युत विभाग, पचरीपारा एवं ग्रामीण अंचल में स्थापित हनुमान मंदिरों में सुबह से श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रही । मानस मंडली द्वारा संगीत मय

सुंदरकांड एवं हनुमान चालीसा का पाठ किया गया जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु भक्तजन सम्मिलित हुए। इसके साथ ही दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर समिति द्वारा पुराना बाजार चौक में एवं जय हनुमान सेवा समिति द्वारा कारगिल चौक में चना पूड़ी का प्रसाद वितरित किया गया। कार्यक्रम में पुजारी संतोष मिश्रा, पंडित रविशंकर शर्मा, योगेंद्र सिन्हा, बसंत साहू, सोहन आमदे, गोविंद शर्मा, प्रकाश धीवर, विनोद चंद्राकर, संतोष साहू, नेमीचंद बैस, अनूप यादव, महेश साहू, यतीश चंद्राकर आदि शामिल हुए।

अग्निवीर में चयनित अभ्यर्थी का किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ जीजामगांव

अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद छत्तीसगढ़ जिला रायपुर के तत्वावधान में संचालित निःशुल्क सैन्य प्रशिक्षण केंद्र अभनपुर से प्रशिक्षण प्राप्त कर अग्निवीर (थलसेना) में आर्टिलरी के लिए चयनित अभ्यर्थी हेमंत पाल छोटे उरला अभनपुर निवासी का प्रशिक्षण ग्राउंड में विदाई समारोह रखा गया। श्री पाल को स्मृति चिन्ह, श्रीफल, शाल तथा पुष्पगुच्छ भेंट किया गया। प्रशिक्षकगण नायक योगेश साहू शिक्षक, नायक कमलनारायण मिश्रा शिक्षक, नायक यश्वनी साहू शिक्षक, हवलदार ईश्वरी लाल गायकवाड, हेमंत साहू शिक्षक, नवीन भारती एवं अतिथि संतोष रेड्डी असिस्टेंट कमांडेंट सीआरपीएफ, संतोष साहू, वाणिज्य अधिकारी एवं प्रांतीय कोषाध्यक्ष अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद छत्तीसगढ़ तथा प्रशिक्षणार्थियों ने उन्हें थलसेना में चयन होने पर शुभकामनाएं दीं।

श्री पाल 23 जनवरी को प्रशिक्षण प्राप्त करने के लिए आर्टिलरी सेंटर हैदराबाद प्रस्थान करेगा। हेमंत पाल को बाजे-गाजे के साथ बाइक रैली करते हुए प्रशिक्षण ग्राउंड से उनके निवास स्थान गृह ग्राम छोटे उरला अभनपुर छोड़ा गया। हेमंत को अग्निवीर थलसेना में चयन होने पर अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद के प्रदेश अध्यक्ष कर्नल डॉक्टर हरेंद्र त्रिपाठी, जिला अध्यक्ष खेमचंद निषाद ने हर्ष व्यक्त किया है।

खबर संक्षेप

सामान्य प्रेक्षक ने मतदान केंद्रों में व्यवस्थाओं की जानकारी ली

धमतरी। लोकसभा क्षेत्र महासमुंद के विधानसभा धमतरी और कुरूद के लिए नियुक्त सामान्य प्रेक्षक अनिल अग्रवाल ने धमतरी विधानसभा क्षेत्र के 16 मतदान केन्द्रों का निरीक्षण किया। इनमें रूद्री स्कूल स्थित 4 मतदान केन्द्र, गोकुलपुर स्कूल के 3, नत्थूजी जगताप स्कूल के 4 और डॉ.शोभाराम देवांगन हायर सेकेण्डरी स्कूल के 5 मतदान केन्द्र शामिल हैं। इस दौरान उन्होंने मतदान केन्द्रों में बिजली, पानी, शौचालय, रैम्प, मतदाता गाईड बोर्ड सहित अन्य व्यवस्थाओं की जानकारी ली और आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने उपस्थित अधिकारी, कर्मचारियों से मतदाता पर्ची वितरण की स्थिति के बारे में भी पूछा। प्रेक्षक श्री अग्रवाल ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि गर्मी के मौसम को देखते हुए मतदान केन्द्रों में पंखा, पानी और छाया की व्यवस्था अनिवार्य रूप से की जाये। इस अवसर पर अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी जी.आर. मरकाम, कार्यपालन अभियंता जल संसाधन बी.के.मगेन्द्र सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

नक्सलियों ने चुनाव बहिष्कार का किया आह्वान, फेंके पर्चे

धमतरी। वनांचल में अपनी सक्रियता दिखाते हुए नक्सलियों ने चुनाव बहिष्कार का आह्वान किया है। इसके लिए उन्होंने बैनर लगाए और पर्चे भी फेंके। मतदान से तीन दिन पहले इस घटना से पुलिस सक्रिय हो गई है। जिले में लोकसभा चुनाव की तैयारी जोरों से चल रही है। 26 अप्रैल को मतदान होना है। इससे पहले नक्सली लगातार अपनी मौजूदगी दर्ज करा रहे हैं। 22 अप्रैल की रात सिहावा थाने से करीब 8 किमी दूर गोरेगांव व फरसियां के बीच मुख्य सड़क पर चुनाव बहिष्कार का बैनर मिला। फरसियां में महामाया मंदिर के पास चंदनबाहरा रोड पर भी मिले। उल्लेखनीय है कि इससे पहले उमरगांव और रानीगांव के पास भी पुलिस ने पर्चे बरामद किए थे। नक्सल ऑपरेशन के डीएसपी आरके मिश्रा ने बताया कि सिहावा क्षेत्र में बैनर व पर्चे मिले हैं। पर्चे में धमतरी-गरियाबंद-नुवापड़ा डिविजनल कमेटी का नाम सामने आया है।

पतंजलि ने किया राम भक्तों को सम्मानित

हनुमान जन्मोत्सव पर 1008 महामंत्र के साथ हुआ भव्य धार्मिक आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

हनुमान जन्मोत्सव मंगलवार को संध्या 6 बजे सिरहासार चौक के समक्ष 1008 हनुमत मंत्र का अखंड जाप किया गया। साथ ही यज्ञ हवन और हनुमान चालीसा तथा हनुमान की आरती की गई जिसमें सैंकड़ों श्रद्धालुओं ने पुण्य लाभ लिया।

पतंजलि योग समिति ने इस आयोजन के अवसर पर रामनवमी के दौरान नगर के चौराहों पर सजावट कर राम दरबार की स्थापना कर भक्तिमय माहौल बनाया था। समिति के प्रांत प्रमुख डॉ मनोज पाणीग्राही ने ऐसे सभी संस्थाओं संगठनों के सभी रामभक्तों का भगवा गमछा पहनाकर और प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। जिनके प्रयास से रामनवमी में चौक-चौराहे पर भगवान रामलला की अद्भुत मूर्ति स्थापित की गई थी।

इस अवसर पर विशेष रूप से मूर्तिकार कुबेर गुप्ता तथा प्रभा गुप्ता सहित अमित विश्वकर्मा का सम्मान किया गया। जिन्होंने 2015 से लगातार मां दंतेश्वरी मंदिर के सामने विशाल तोरण खंभ बनाकर प्रांगण को सजाते आ रहे हैं। डॉ. पाणीग्राही ने बताया इस आयोजन में जिन संस्थाओं का सम्मान किया उनमें यूथ हिंदू श्री राम चौक, बजरंगी टोली चांदनी चौक, सनातन शक्ति बलीराम चौक, राम राज्य सिरासार चौक, सनातन धर्म महासभा राम दरबार सीरासार भवन, माहेश्वरी समाज जिन्होंने मिताली चौक में राम दरबार की सजावट करने के लिए दिया गया। इस महाअनुष्ठान में मां शारदा परिवार तथा मां संतोषी जनकल्याण समिति परचनपाल के सदस्यों का इस आयोजन तथा पूजा में विशेष सहयोग रहा। जिसके लिए उन सबको सम्मानित कर पतंजलि योग के सत्संग समिति के प्रभारी आभा सामदेकर, अभय सामदेकर और पूरी टीम को जिन्होंने 1008 बार हनुमत हनुमत मंत्र का सस्वर जाप करवाया और चालीसा तथा आरती भी कराई उनको भी सम्मानित किया गया।

इस आयोजन में मंजू लुंकड़, शुक्ला दास, अनुष्का साहू, पदमा विसोई, कुसुम, आभा सामदेकर, पल्लवी, मुन्नी सिंह, किरण दीवान, राजेश्वरी, दीप्ति, गौरी चावड़ा, अनीता, वैभवी, कुमारी दीप्ति, कुमारी निशा, शक्ति सिंह चौहान, रमेश चावड़ा, जेबी सिंह, रमापति दुबे शम्मी कपूर, पवन मोदी, देवी चंद चोपड़ा, प्रकाश बाफना, संजय जैन, गणेश दहिया, आसमान मुचाकी, गिरिजा आचार्य, गोपाल पांडे, अनिल शुक्ला, हरि प्रसाद राव, वैभव यादव, गजेंद्र देवांगन, गुड्डू पाणिग्रही, राजेश चावड़ा, अरुण त्रिपाठी, डा. मनोज पानीग्राही का विशेष सहयोग रहा।

तारलागुड़ा एवं कोत्तूर गांव के सभी हैण्डपंप स्त्रोतों का पानी पीने योग्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ बीजापुर

कलेक्टर अनुराग पाण्डेय के निर्देशन में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यपालन अभियंता एसआर नेताम उप अभियंता डीआर बंजारे, जिला प्रयोग शाला सहायक सुनील चिड़यिम सहित प्रयोग शाला के टीम द्वारा भोपालपटनम ब्लॉक के तारलागुड़ा एवं उनके आश्रित गांव कोत्तूर पहुंच कर फील्ड विजिट कर 13 हैण्डपंप के स्त्रोतों का सैम्पल लिया गया। वहीं मौके पर आयरन एवं फ्लोराईड का परीक्षण एफटी किट से किया गया जिसमें रिपोर्ट में पानी सुरक्षित पाया गया।

संबंधित स्त्रोतों का जल नमूना जिला जल परीक्षण प्रयोगशाला बीजापुर लाया गया जहां 13 पैरामीटर में जल का परीक्षण किया गया जिसमें पीएच वैल्यू, मटमैलापन, कैल्शियम, मैग्नीशियम सहित पुनः आयरन फ्लोराईड का परीक्षण प्रयोग शाला में किया जिसका अंतिम रिपोर्ट में सभी जल पूर्णतः सुरक्षित एवं पीने योग्य पाया गया। प्रयोग शाला के केमिस्ट सुश्री सपना मंडल ने बताया कि 13 पैरामीटर का परीक्षण सहित जीवाणु परीक्षण भी किया गया जिसमें जल पूर्णतः सुरक्षित एवं पीने योग्य पाया गया।

स्वास्ति के भजनों से हनुमान भक्ति में झूमे श्रोता

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

हनुमान जन्मोत्सव पर सिंगर और कम्पोजर स्वास्ति मेहूल को सुनने के लिए बड़ी संख्या में शहरवासी मोतीतालाब पारा के वाटर फ्रंट पर पहुंचे। स्वास्ति ने स्वरचित एक से बढ़कर एक भजनों की प्रस्तुतियां देकर श्रोताओं को झूमने के लिए मजबूर कर दिया। देर रात तक स्वस्ति मेहूल के गीतों को सुनने हजारों की संख्या में लोग कार्यक्रम स्थल पर डटे रहे। गीत एक नजर तेरी बाबा, श्याम आन बसो वृंदावन में एवं राम आएंगे तो अंगना सजाऊंगी की कम्पोजर युवा गायिका ने गाकर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध किया। शाम 7 बजे से रात 10 बजे तक कार्यक्रम चलता रहा। आयोजन में स्वस्ति ने राम, कृष्ण, महावीर के प्रसिद्ध गीतों के रिमिक्स सुनाएं जिसमें उनके साथ आए ऑरकेस्ट्रा की टीम ने पूरा साथ दिया। उनके गाए गीतों पर गायिका का उत्साहवर्धन करने युवा साथ देते रहे। इस ओपन थिएटर में बैठने की समुचित व्यवस्था थी। समापन पर श्याम सोमानी, विजय सोमानी, मनीष सोमानी, पुखराज बोथरा, भंवर बोथरा, विमल बोथरा एवं वाटर फ्रंट प्रोजेक्ट की टीम ने स्वस्ति को स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया। इस अवसर पर श्रोताओं के लिए लक्की ड्रा का भी आयोजन आयोजकों की ओर से किया गया था।

बस्तर की बेटी निहारिका को मिली डॉक्टरेट की उपाधि

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

बस्तर की बेटी निहारिका मोदी को डॉक्टरेट की उपाधि मिलने से अंचल के लोगों में उत्साह है। संभाग मुख्यालय स्थित मेन रोड संगीता स्टोर के संचालक महिपाल मोदी की सुपुत्री निहारिका मोदी को पंडित दीनदयाल उपाध्याय विद्यापीठ के द्वारा भोपाल में आयोजित दीक्षांत समारोह में बस्तर के सेवानिवृत्त मुख्य न्यायाधीश देवेंद्र कुमार जैन ने डिग्री प्रदान की। जिसमें विशिष्ट अतिथि के रूप से डॉ. इंदुभूषण मिश्रा, डॉ. विश्वनाथ उपस्थित थे। हरिभूमि से चर्चा करते डॉ. निहारिका मोदी ने बताया इस मुकाम को हासिल करने के लिए वो पिछले दो साल से विभिन्न महत्वपूर्ण रिसर्च एवं पेपर सबमिशन करने में जुटी रही अब जाकर सफलता मिली। उपाधि इन्हे समाजिक कार्य एवं महिला बाल विकास के लिया दिया गया। इससे पहले बीकॉम में साल 2015-17 की दुर्ग यूनिवर्सिटी टॉपर रह चुकी है। निहारिका एमकॉम में क्राइस्ट कॉलेज की टॉपर थी। उन्होंने बताया इससे पहले साल 2017 से रायपुर में रह कर यूपीएससी की तैयारी कर रही थी। इसी बीच उनके मन में एक विचार आया इन सब चीजों को छोड़ कर समाज के लिए एवं जरूरतमंदों के लिए काम करना है। बचपन से ही मुझे अपने दादा एवं पापा को देखते वे हमेशा समाज सेवा के लिए सदैव तत्पर रहते थे, मुझे प्रेणना भी उन्ही से मिलती थी। साथ ही उन्होंने बताया वो पेशे से इंटरनेशनल मेकअप आर्टिस्ट भी है। इस सफलता के लिए पूरा श्रेय अपने माता एवं पिता को देते कहा मुझे समय-समय पर उनका मार्गदर्शन मिलता रहता है।

सत्य साई सेवा समिति ने मनाया आराधना महोत्सव...



जगदलपुर। सत्य साई सेवा समिति ने आराधना महोत्सव पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। प्रातः 5.30 बजे ओंकारम, सुप्रभातम्, नगर संकीर्तन, ध्वजारोहण किया गया। 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक महानारायण सेवा की जिसमें बड़ी संख्या में भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। शाम 6.30 बजे वेदपाठ, भजन, संदेश वाचन, वीडियो शो के पश्चात महामंगल आरती एवं प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर भक्तों ने भगवान सत्य साई बाबा को आदराजंलि व श्रद्धासुमन अर्पित किए।

निस्तारी की समस्या दूर हुई, बंद हैंडपंप, बोर फिर से चालू

गंगरेल बांध से भरे जा रहे शहर के सूखे तालाब

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

शहर के सूखे तालाबों में अब गंगरेल बांध का पानी नहर नाली के माध्यम से आने लगा है। तालाब भरने से लोगों की निस्तारी समस्या दूर हुई वहीं जलस्त्रोत ऊपर आने लगा है।

विदित हो कि तेज गर्मी के कारण शहर के तालाब फरवरी-मार्च में ही तेजी से सूखने लगे थे जिसकी वजह से लोगों के सामने निस्तारी समस्या आ गई थी। वाटर लेवल भी काफी नीचे चला गया था। निगम प्रशासन ने गंभीरता से लेते हुए शहर के सात सूखे तालाबों को गंगरेल के पानी से भरने सिंचाई विभाग को पत्र लिखा। परिणाम स्वरूप अप्रैल के पहले सप्ताह में नहर नाली के माध्यम से पानी तालाबों में आना शुरू हो गया। धीरे-धीरे सभी तालाबों में पानी भर रहा है।

शहर के आमातालाब, रमसगरी तालाब, गांधी सागर तालाब, महिमासागर, शीतला तालाब, लिमाही तालाब, खपरी तालाब भरे जा रहे हैं। तालाबों के भरने से सूखे हैंडपंप, बोर, सबमर्सिबल पंप आदि फिर से चालू हो गए। महिमासागर वार्ड के सागर निषाद, प्रेमू निषाद, मुकुंद निषाद, इतवारी मारकंडे, शोभाराम नेताम ने बताया कि उनके वार्ड के बोर फिर से चालू हो गए हैं। बंद हैंडपंप में फिर से पानी आने लगा है।

स्वामी आत्मानंद स्कूल बठेना में मानसिक स्वास्थ्य पर हुई कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

स्वामी आत्मानंद हायर सेकेंडरी स्कूल में मानसिक स्वास्थ्य पर एक दिवसीय कार्यशाला रखी गई। कार्यक्रम में एक्टिविटीज के माध्यम से जानकारी दी गई।

कलेक्टर नम्रता गांधी के निर्देशानुसार रेडक्रास, स्वास्थ्य विभाग व शिक्षा विभाग के तत्वावधान में शिक्षकों एवं छात्र-छात्राओं के लिए मानसिक स्वास्थ्य पर आयोजित कार्यशाला में ट्रेनर्स द्वारा मानसिक स्वास्थ्य के बारे में जानकारी दी गई। किशोरों में होने वाले मानसिक स्वास्थ्य से संबंधित समस्याओं एवं उपाय के बारे में विभिन्न खेल व एक्टिविटीज के माध्यम से बताया गया।

कार्यक्रम में जिपं सीईओ रोमा श्रीवास्तव, डिप्टी कलेक्टर तेजपाल ध्रुव, कल्पना ध्रुव, डीईओ केआर जांगड़े, सीएमएचओ डा.एसके मंडल, डीपीएम डा.प्रिया कंवर, एनसीडी कंसलटेंट श्रीकांत चंद्राकर, मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डा. रचना पद्मवार, क्लिनिकल साईकोलॉजिस्ट प्रीति चांडक, कम्युनिटी नर्स दिव्या साहू, योग ट्रेनर मीरा गौतम, भागेश्वर लोधी, काउंसलर अश्वनी कुमार, लोकेश साहू व सै.नुसरत फतमा उपस्थित थे।

खराब मौसम के कारण 70 प्रतिशत से ज्यादा फसल खराब

आम उत्पादकों को तगड़ा झटका

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

मार्च और अप्रैल माह में लगातार खराब हो रहे मौसम के कारण आम की फसल को काफी नुकसान पहुंचा है। अचारी आम तो 70-80 प्रतिशत तक झड़ गए हैं। वहीं मीठे आम की की फसल खराब हो रही है। मौसम में उतार-चढ़ाव के चलते आम के पेड़ों में गर्ती नहीं आ रही है। केमिकल से पके हुए आम बाजार में उपलब्ध हैं, जिसे भाव नहीं मिल रहा है।

इस साल गर्मी के मौसम में बारिश, अंधड़ और ओलों ने काफी कहर बरपाया है। खराब मौसम ने लगभग हर प्रकार की फसल को नुकसान पहुंचाया है। आम की खेती पर इसका काफी बुरा असर पड़ रहा है। आम के व्यवसायी जुनैद रिजवी ने बताया कि इस साल बौर अच्छा आया था, जिससे अच्छे उत्पादन की उम्मीद थी लेकिन खराब मौसम ने उनकी उम्मीदों पर पानी फेर दिया। मार्च माह की बारिश में छोटे-छोटे फल झड़ गए थे। लगातार मौसम खराब रहने से फल गिरते जा रहे हैं। पेड़ों पर कुछ फल बचे हुए हैं। आम को पकने के लिए गर्म मौसम की आवश्यकता होती है लेकिन वातावरण में उतार-चढ़ाव के कारण फल पक नहीं पा रहे हैं और बिना पके ही गिर रहे हैं। कई आम उत्पादक आर्टिफिशयल तरीके से आम पकाकर बाजार में ला रहे हैं लेकिन इन आमों में स्वाद नहीं मिल रहा है। यही कारण है कि आर्टिफिशयल तरीके से पके आम को भाव नहीं मिल रहा है।

Health Town
डॉ. ठाकुर वुमन एंड चाइल्ड होम्योपैथिक क्लीनिक
Dr. Srishti Thakur
D/o Late Dr. Jitendra Thakur
For Appointment
7987959244
स्त्री रोग संबंधित समस्त समस्याएँ जैसे
PCOD|मासिक धर्म अनियमितता | अल्प स्त्राव मासिक|
इनफर्टिलिटी | बच्चेदानी की गांठ | स्तन की गांठ
सभी प्रकार के शिशु एवं बाल रोग जैसे
ADHD | AUTISM | व्यवहारिक चिकित्सा
Maa Ad.
टांसिल उम्र के हिसाब से वजन कम होना दांत निकलते समय की परेशानी रात को बिस्तर गीला की बीमारी इत्यादि।
शॉप नं.1,गोपिया पारा चौक, पटेल कॉम्प्लेक्स, रायपुर Online परामर्श उपलब्ध दवाइयाँ कुरियर द्वारा भेजने की सुविधा
विज्ञापन हेतु संपर्क करें: 0771- 4242213, 7987119756, 9303508133

खबर संक्षेप

चैत्र मेला मड़ई 26 को

जगदलपुर। ग्राम पंचायत नगरनार के सरपंच एवं मेला आयोजन समिति द्वारा 26 अप्रैल को हर्षोल्लास के साथ ग्राम देवी मां भंडारीन की पावन धरा में वार्षिक चैत्र मेला मड़ई का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम दोपहर 3 बजे बाजार परिसर में होगा।

प्रयास विद्यालयों में प्रवेश के लिए आवेदन 17 मई तक

बीजापुर। प्रदेश के अधिसूचित क्षेत्रों यथा आदिवासी उपयोजना क्षेत्र और माओवाद प्रभावित इलाकों में स्थित स्कूलों में अध्ययनरत प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को कक्षा 9 वीं से 12 वीं तक उत्कृष्ट स्कूली शिक्षा के साथ-साथ राष्ट्रीय स्तर की मेडिकल एवं इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षाओं सहित एनडीए की प्रतियोगी परीक्षाओं में गहन तैयारी के उद्देश्य की पूर्ति हेतु संचालित प्रयास आवासीय विद्यालयों में शैक्षणिक सत्र 2024-25 के तहत कक्षा 9 वीं में प्रवेश के लिए आगामी 17 मई तक ऑनलाइन आवेदन पत्र आमंत्रित किया गया है। निर्धारित तिथि तक भरे गए आवेदन पत्रों में 20 मई तक त्रुटि सुधार किया जा सकता है।

हाउसिंग बोर्ड के लापरवाही का खामियाजा रहवासियों को भुगतना पड़ रहा

सीवरेज टैंक ओवर फ्लो से गम्भीर संक्रमण का खतरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

हाउसिंग बोर्ड विभाग की लापरवाही का खामियाजा न्यू हाउसिंग बोर्ड कालोनी के रहवासियों को किस कदर भुगतना पड़ रहा है, इसकी एक बानगी कालोनी के सीवरेज टैंक का ओवर फ्लो गंदे पानी को देख सहजता से अंदाज लगाया जा सकता है।

छत्रपति शिवाजी वार्ड स्थित अघनपुर में वर्ष 2010 को न्यू हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में फर्स्ट फेज में एमआईजी ग्राउंड फ्रोल और एमआईजी फ्लेट का निर्माण किया

■ बिना तकनीकी का किया गया सीवरेज टैंक का निर्माण

गया। निर्माण में गुणवत्ता और तकनीकी में लापरवाही बरती गई। ठेकेदार को लाभ पहुंचाने और कमीशन के चक्कर में निर्माण नीति का पालन नहीं किया गया। कालोनी में सीवरेज टैंक का निर्माण में ऐसे गड़बड़ी की गई कि एक साथ 20 आवास के लिए 20 बाय 20 का सीवरेज टैंक बनाया गया। निर्माण के बाद शुरू में तो रहवासियों को समस्या नहीं हुई। लेकिन निर्माण के 5 से 7 वर्षो में सीवरेज टैंक में जाम की समस्या आने लगी। उस दौरान कॉलोनी के रख-रखाव व मेंटेनेंस की जवाबदारी हाउसिंग बोर्ड विभाग की जिम्मेदारी थी, लेकिन रहवासियों के शिकायत पर कोई सुधार नहीं किया गया। आज स्थिति ऐसे निर्मित हो गई है कि कॉलोनी के सडक़ पर सीवरेज का ओवर फ्लो गंदा पानी सडक़ में बह रहा है। कालोनिवासियों को आने-जाने में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। हाउसिंग बोर्ड के जितने भी आवास 2010 से 2012 तक निर्माण किये गए भारी अनियमितता की गई। कालोनी के आवास की यह स्थिति है कि दीवार में सीमेंट कम और रेत का ज्यादा उपयोग किया गया है। बहरहाल कालोनिवासियों को सीवरेज टैंक के ओवर फ्लो गंदा पानी की समस्या से जुझना पड़ रहा है। कालोनी निवासी वर्षा साव, राजेंद्र राव, नीलम ठाकुर, यूसुफ खान, एजे जोसेफ, मनीष तिवारी, गीत गोविन्द, रीता नायर, रेणु कलवानी, अभिषेक तिवारी, गावस्कर राव, विजय राव ने बताया कि लाखों खर्च कर हाउसिंग बोर्ड से 13 वर्ष पहले मकान खरीदा, लेकिन निर्माण में गुणवत्ता का जरा भी ध्यान नहीं दिया गया। रहवासियों के मुताबिक लंबे समय तक यदि सीवरेज टैंक का गंदा पानी ऐसे ही ओवर फ्लो होकर सडक़ में बहते रहेगा तो आने वाले दिनों में पूरी कालोनी को गम्भीर संक्रमण की चपेट में ले लेगा। जिसकी सारी जवाबदारी हाउसिंग बोर्ड विभाग की होगी। कारण वर्षो से विभाग के तत्कालीन और वर्तमान कार्यपालन अभियंता को शिकायत करने के बाद भी समस्या का स्थायी निराकरण नहीं किया जा रहा है। ऐसे में बाध्य होकर रहवासियों को न्यायालय का दरवाजा खटखटाना पड़ेगा।

निगम को हैंडओवर होने के बाद भी समस्या जस की तस

हाउसिंग बोर्ड कालोनी के रख-रखाव व मेंटेनेंस की जवाबदारी 3 वर्ष पहले निगम को सौंपा गया फिर भी समस्या जस के तस है। 2 वर्ष पहले कालोनिवासियों की शिकायत के बाद महापौर सफीरा साहू ने स्थिति का जायजा लेने कालोनी का विजिट किया। महापौर स्वयं इस बात से अवगत हुई कि समस्या गम्भीर है। समस्या के निराकरण का आश्वासन भी उनके द्वारा दिया गया, लेकिन आज तीन वर्ष गुजर जाने के बाद भी समस्या आज भी उसी स्थिति में है।

महारानी अस्पताल के व्यवस्थाओं को बेहतर करने पर दें जोर

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

कलेक्टर विजय दयाराम के. ने महारानी अस्पताल के स्वास्थ्य सुविधाओं की व्यवस्था का आज निरीक्षण किया। उन्होंने ओपीडी में मरीजों की संख्या, जांच में अधिकांश मरीजों के प्रकार का संज्ञान लिया, साथ ही चिकित्सकों से भी चर्चा किए।

इसके उपरांत उन्होंने शिशु वार्ड, नवजात शिशुओं के वार्ड, मनोरोग कक्ष, पैथोलॉजी लैब की व्यवस्थाओं, ब्लड बैंक और अंबक नेत्र चिकित्सालय शाखा का निरीक्षण किया। उन्होंने शिशु वार्ड के चिकित्सकों से अधिकांश मरीज बच्चों के सामान्य लक्षणों के कारण और उपचार के संबंध में चर्चा किए। पैथोलॉजी लैब में स्टाफ, ब्लड बैंक की व्यवस्था का भी जायजा लेते व्यवस्था को बेहतर करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान सिविल सर्जन डॉ. प्रसाद ने अस्पताल की गतिविधियों के संबंध में जानकारी देते हुए अस्पताल परिसर के विकास कार्यों से अवगत करवाया। कलेक्टर ने निरीक्षण के दौरान निर्माणधीन रसोई के लंबित कार्यों को जल्द पूर्ण करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने किया कार्यालयों का निरीक्षण

निर्वाचन कार्यों के उपरांत कार्यालयों में अधिकारियों और कर्मचारियों की शत प्रतिशत उपस्थिति का लिया जायजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

कलेक्टर विजय दयाराम के. ने बुधवार को कार्यालयों का औचक निरीक्षण किया। कलेक्टर ने मंगलवार को समय सीमा की बैठक में सभी विभागों के अधिकारियों को निर्वाचन कार्यों के उपरांत कार्यालयों में अधिकारियों और कर्मचारियों की शत-प्रतिशत उपस्थिति के साथ विभागीय कार्यों का संपादन करने के निर्देश दिए थे। इसी के तहत कलेक्टर ने विभागों के अधिकारियों को दिए निर्देशों के पालन का औचक निरीक्षण कर जायजा लिया। उन्होंने कार्यालय उप संचालक कृषि, कार्यालय संयुक्त संचालक पशुधन विकास विभाग का निरीक्षण किया। अधिकारियों से स्टॉफ की उपस्थिति का भी संज्ञान लिया। कार्यालय का निरीक्षण के दौरान कार्यालयों की आवश्यकता और संसाधनों की उपलब्धता पर भी चर्चा किए।

हर्षोल्लास के साथ मना हनुमान जन्मोत्सव

पूजा-अर्चना के बाद किया भंडारा प्रसाद वितरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ गीदम

रामभक्त हनुमान जी का जन्म उत्सव मंगलवार को नगर में धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान कहीं सुंदरकांड का पाठ, तो कहीं भजन कीर्तन कर रामभक्त हनुमान जी की पूजा-अर्चना की गई। हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर सुबह से ही मंदिरों में संकट मोचन हनुमान जी के दर्शनों के लिए भक्त पहुंच रहे थे। मंदिरों में इस मौके पर हनुमान जी का अभिषेक कर विशेष पूजा-अर्चना की गई व गुड़ चने एवं मिष्ठानों का भोग लगाया गया। नाका पारा स्थित हनुमान मंदिर में हवन-पूजन, महाआरती व भंडारा कार्यक्रम रखा गया था। जिसमें नगर सहित आस-पास के ग्रामीण अंचल के श्रद्धालुओं ने पहुंचकर हनुमान चालीसा, हवन यज्ञ सहित अन्य कार्यक्रमों में हर्ष उल्लास के साथ सहभागिता दर्ज कराई। मंदिरों में दिन भर भजन-कीर्तन का दौर चलने के कारण श्रद्धालु भगवान हनुमान जी के जन्म उत्सव पर भक्ति भाव से सराबोर रहे। इस पावन अवसर पर भक्तों को भंडारा प्रसाद का वितरण किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

मद्देड़ में धूमधाम से मना हनुमान जन्मोत्सव

मद्देड़। बीजापुर जिले के विकासखंड भोपालपटनम अंतर्गत ग्राम पंचायत मद्देड़ में प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी हनुमान जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। भगवान हनुमान जी की पूजा-अर्चना कर सुख शांति व समृद्धि की प्रार्थना की गई। जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामवासी सम्मिलित हुए। इस अवसर पर भंडारा का भी आयोजन किया गया था। जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भंडारा का प्रसाद ग्रहण किया। वहीं ग्रामीणों ने राहगीरों को रोक-रोक कर प्रसाद वितरण किया। मद्देड़ सीताराम शिवालय सेवा समिति व गेरागुड़ा हनुमान मंदिर सेवा समिति में सुबह से भजन, गीत, संगीत से वातावरण भक्तिमय हो गया था। भक्त विशेष रूप से हनुमान जी की पूजा-अर्चना किए। साथ ही हनुमान चालिसा, संकट मोचन हनुमानाष्टक और हनुमान बाहुक, सुंदरकांड का गायन जैसी स्तुतियां पढ़कर भगवान हनुमान की स्तुति किए। इस दौरान दोनों समितियों द्वारा मंदिर में दीपोत्सव कार्यक्रम किया गया। सीताराम शिवालय समिति व गेरागुड़ा हनुमान मंदिर समिति के द्वारा महाभंडारा का आयोजन कर महाप्रसाद वितरण किया गया। जिसमें में बड़ी संख्या में लोगों ने महा भंडारा का प्रसाद ग्रहण किया।

गठबंधन को लेकर स्वयं गंभीर नहीं रहे कुंजाम अब ठीकरा कांग्रेस पर फोड़ रहे : जावेद

जगदलपुर। युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता एवं पीसीसी बस्तर संभागीय प्रभारी प्रवक्ता जावेद खान ने जारी बयान में मनीष कुंजाम के द्वारा दिए गए बयान की आलोचना करते हुए उन्हें आड़े हाथ लिया। मनीष कुंजाम ने कांग्रेस पर आरोप लगाते हुए कहा है कि छत्तीसगढ़ में इंडिया गठबंधन को मजबूत करने गंभीर नहीं है कांग्रेस। जावेद ने कहा है कि एक तरफ तो मनीष कुंजन स्वयं यह बात स्वीकारते हुए कहते हैं कि कांग्रेस की टिकट घोषणा के बाद कांग्रेस के लोकसभा प्रत्याशी कवासी लखमा उनसे स्वयं मिलने उनके निवास पर आए थे एवं उन्हें चुनाव में सहयोग करने का न्योता भी दिया। दूसरी तरफ कहते हैं कि छत्तीसगढ़ कांग्रेस इंडिया गठबंधन को लेकर गंभीर नहीं है। उनके इस दोहरे चरित्र वाले बयान से यह स्पष्ट हो जाता है की गठबंधन धर्म का पालन किसने किया और किसने गठबंधन की शर्तों के खिलाफ जाकर कार्य किया। असल में स्वयं मनीष कुंजाम ही नहीं चाहते थे कि उनके क्षेत्र से आने वाले आदिवासी नेता कवासी लखमा को कांग्रेस चुनावी मैदान में उतारे। उनको डर था कि कवासी लखमा चुनाव लडक़र संसद बन जाएंगे तो क्षेत्र में उनकी शाख जो दिन-ब-दिन गिरती चली जा रही है वह और कमजोर हो जाएगी। उनकी राजनीति खतरे में पड़ते देख और क्षेत्र में कवासी लखमा का बढ़ता जनाधार देख खुद को इंडिया गठबंधन से दूर किया और अपनी पार्टी सीपीआई को भी भ्रमित करने का कार्य किया। मनीष कुंजाम ने ना तो इंडिया गठबंधन के धर्म का पालन किया ना ही कांग्रेस को चुनाव में किसी तरह का सहयोग दिया। बजाय इसके इंडिया गठबंधन की शर्तों को ठुकराते हुए बस्तर लोकसभा में अपना प्रत्याशी उतारकर कांग्रेस को एवं इंडिया गठबंधन को कमजोर करने का कार्य किया।

एसबीआई ग्रामीण में महिलाओं के लिए स्वरोजगार निशुल्क प्रशिक्षण शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

स्टेट बैंक ऑफ इंडिया ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (आरसेटी) जगदलपुर में महिला सिलाई एवं मुलायम खिलौने बनाने का निःशुल्क प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रशिक्षण के दौरान भारतीय स्टेट बैंक के क्षेत्रीय प्रबंधक आभास कुमार सतपथी, मुख्य प्रबंधक उपकार वर्मा एवं उप प्रबंधक सत्या राव ने संस्थान में दौरा किया।

दीप प्रज्वलित कर प्रशिक्षार्थियों को बैंकिंग सेवाओं एवं समस्या के समाधान के बारे में समझाया गया। इस अवसर पर संस्थान के निदेशक हेमन्त सलाम ने क्षेत्रीय प्रबंधक का स्वागत कर कार्यक्रम की जानकारी दी गई। आभार संस्था के संकाय सदस्य रूमा रॉय ने माना। इस अवसर पर संकाय सदस्य एन मधुसूदन एवं डीएसटी प्रशिक्षक राधिका गुने एवं सध्यावती नाग उपस्थित रहे। आगामी समय में आचार, पापड़ का प्रशिक्षण 29 अप्रैल से प्रारंभ है। प्रशिक्षणार्थियों के लिए भोजन एवं रहने की निःशुल्क व्यवस्था संस्था द्वारा की जायेगी। बैंक के अधिकारियों के मुताबिक जिन महिलाओं को प्रशिक्षण सबंधी जानकारी की आवश्यकता है वे संपर्क कर अपना नामांकन करा सकते है। साथ ही एसबीआई ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान लाईवलीहुड कॉलेज के पास कार्यालय में उपस्थित होकर भी अपना नामांकन करा सकते है।

स्वस्ति मेहुल को अभय ने भेंट की भगवान राम की छाया चित्र...

जगदलपुर। सिंगर एवं कंपोजर राम आयेंगे फेम स्वस्ति मेहुल के शहर आगमन पर अभय तिवारी भगवान राम का छाया चित्र भेंट किया।

डीजे व आकर्षक झांकी के साथ निकाली गई शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ गीदम

मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राम के परम भक्त हनुमान जी का जन्मोत्सव मंगलवार को नगर में धूमधाम से मनाया गया। श्रीराम जन्म उत्सव समिति गीदम व नगर के बाबा रामदेव मंदिर समिति द्वारा भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान नगर में भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा नगर के बाबा रामदेव मंदिर से शुरू होकर मुख्य मार्ग होते हुए नगर के हारम चौक से वापस लौटी। मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम दरबार की आकर्षक झांकी के साथ-साथ भजन और जय श्रीराम व बजरंग बली के जयकारों से पूरा नगर गुंजायमान हो गया व पूरे नगर का वातावरण भक्तिमय हो गया। शोभायात्रा में शिशु मंदिर के बच्चों की भगवान श्रीराम दरबार की झांकी सभी के लिए आकर्षण का केंद्र रही। इस झांकी में नगर के सरस्वती शिशु मंदिर विद्यालय के बच्चे श्रीराम, माता सीता, लक्ष्मण व हनुमान जी की वेशभूषा में नजर आए। भगवान श्रीराम जी की झांकी की जगह-जगह लोगों ने आरती उतारी व पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। इस अवसर पर माथे पर तिलक व सिर पर भगवा साफा बांधे हुए बच्चे, बुजुर्ग, युवा, महिलाएं सभी बड़ी संख्या में सम्मिलित हुए। इस कार्यक्रम में गीदम, बारसूर, हीरानार, कासोली, घोटपाल कटुलनार सहित आस-पास के ग्रामीण क्षेत्रों से बड़ी संख्या में लोग सम्मिलित हुए।

सुंदरकांड का किया पाठ

रामायण मंडली द्वारा बाबा रामदेव मंदिर के सामने सुंदरकांड का पाठ किया गया। इसके पश्चात भक्तिमय भजन कार्यक्रम हुआ। तत्पश्चात नगर में दो डीजे के साथ शोभायात्रा निकाली गई। जिसमें महिला एवं पुरुष दोनों के लिए अलग-अलग डीजे के साथ शोभायात्रा निकाली गई। साथ ही बस्तर के मशहूर ढोल नर्तकों का समूह इस शोभायात्रा में शामिल हुआ। महिलाएं कलश के साथ शोभायात्रा में आगे चल रही थी। अंत में शंखनाद के साथ ऐतिहासिक महाआरती के बाद इस शोभायात्रा का समापन हुआ। कार्यक्रम में पहुंचे सभी लोगों को भंडारा एवं प्रसाद का वितरण किया गया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में नगर के सभी गणमान्य लोगों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

सभी वर्ग का रहा योगदान

श्रीराम जन्मोत्सव समिति के अध्यक्ष राजेश गुप्ता ने बताया कि हनुमान जन्मोत्सव मनाने के लिए नगर के सभी गणमान्य नागरिकों, महिलाओं, युवाओं, व्यापारी संघ के व्यापारियों, नगर पंचायत का महत्वपूर्ण योगदान रहा। युवाओं की सहायता से नगर की विशेष रूप से सज्जा की गई। सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस प्रशासन भी पूरी तरह से मुस्तैद रहा। वहीं स्वास्थ सुविधाओं के लिए स्वास्थ्य विभाग का भी योगदान रहा।